## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 29.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई बैठक । पुलिस पेंशनर्स की समस्याएँ सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए निर्देश । पुलिस पेंशनर्स से लिए गए आवश्यक सुझाव ।**

**विवरण**- श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस द्वारा पुलिस लाइन बांदा में आज दिनांक 29.11.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल , पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह , पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर सुश्री दीक्षा शर्मा व और सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा सुश्री मेविस टॉक की उपस्थिति में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई । बैठक में मण्डल के चारों जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया । बैठक के दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं । गोष्ठी में उपस्थित प्रत्येक पेंशनर द्वारा अपनी-अपनी समस्या व आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें डीआईजी महोदय ने व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इनमें प्रमुखतः— लंबित पेंशन प्रकरण, परिवार पेंशन से जुड़े विवाद, जीपीएफ/ग्रेच्युटी से संबंधित अद्यतन, चिकित्सीय प्रतिपूर्ति जैसे विषय मौजूद है जिनपर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डीआईजी महोदय ने सभी संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस पेंशनर्स को उनकी वरिष्ठता व योगदान को ध्यान में रखते हुए सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बांदा श्री बेलास यादव , पुलिस पेंशनर्स के पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे ।